हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, मंगलवार 28 जुलाई 2026


तापमान

अधिकतम 38.2°c

न्यूनतम 28.0°c

**शहर में आज**

- राजीव गांधी स्टेडियम में जिला स्तरीय स्कूली प्रतियोगिता के मैच सुबह 9 बजे
- चौधरी बंसीलाल स्टेडियम में अंडर-23 जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के मैच सुबह 10 बजे
- एमडीयू में कारगिल दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन सुबह 11:30 बजे

**खबर संक्षेप**

### ढाबे की पार्किंग में कार का शीशा तोड़ पर्स चुराया

**रोहतक।** इस्माइला स्थित हल्दीराम ढाबे की पार्किंग में खड़ी कार का शीशा तोड़कर चोर पर्स चुरा ले गए। पर्स में 35 हजार रुपये और जरूरी दस्तावेज थे। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में भारती सहगल निवासी रोहिणी (दिल्ली) ने बताया कि वह अपनी कार लेकर गांव इस्माइला स्थित हल्दीराम ढाबा पर रुकी थीं। कार पार्किंग में खड़ी कर वह ढाबे पर चली गईं। कुछ देर बाद लौटने पर कार का शीशा टूटा हुआ मिला। जांच करने पर पता चला कि कार में रखा पर्स गायब था। सांपला थाना पुलिस ने भारती सहगल की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

### अफीम के साथ महिला गिरफ्तार, केस दर्ज

**रोहतक।** गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए थाना पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अफीम बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस एक्ट) के तहत मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना मिलने पर टीम ने संबंधित स्थान पर छापेमारी कर एक संदिग्ध महिला को काबू किया। नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके कब्जे से अफीम बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां कोर्ट के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

### अवैध देसी बंदूक के साथ युवक दबोचा, भेजा जेल

**रोहतक।** पुलिस की अपराध शाखा-2 ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक देसी सिंगल बैरल बंदूक बरामद की है। आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान योगेश पुत्र चांद सिंह, निवासी पहाड़ा मोहल्ला के रूप में हुई है। अपराध शाखा-2 की टीम ने कार्रवाई के दौरान आरोपी को काबू कर उसके पास से एक अवैध देसी सिंगल बैरल बंदूक बरामद की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच पूरी करने के बाद उसे अदालत में पेश किया। कोर्ट के आदेश पर आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

# क्लिक, चैट और फिर होम डिलीवरी... नशे के कारोबार का नया डिजिटल नेटवर्क

## सोशल मीडिया के गुप्त ग्रुप, ऑनलाइन पेमेंट और लोकेशन शेयरिंग से युवाओं तक पहुंच रहे तस्कर, पिछले 7 महीनों में 415 आरोपी दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सिटी अलर्ट

वह दौर अब तेजी से बदल रहा है, जब नशे का सौदा किसी सुनसान गली या अंधेरे कोने में होता था। अब एक क्लिक, एक मैसेज और एक लोकेशन शेयर करने भर से नशा युवाओं तक पहुंचाया जा रहा है। सोशल मीडिया और मैसेजिंग ऐप्स ने नशा तस्करों को ऐसा नया प्लेटफॉर्म दे दिया है, जहां ग्राहक तलाशने से लेकर ऑनलाइन पेमेंट और होम डिलीवरी तक पूरा नेटवर्क डिजिटल है। पुलिस ने 7 महीनों में 415 केसों में आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रोहतक सहित हरियाणा के कई शहरों में यह ट्रेंड पुलिस के लिए नई चुनौती बनकर उभरा है। पुलिस और नारकोटिक्स टीम की जांच में सामने आया है कि तस्कर अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर युवाओं तक पहुंच रहे हैं। सबसे अधिक निशाना स्कूल, कॉलेज और पीजी में रहने वाले छात्र-छात्राओं को बनाया जा रहा है। पहले दोस्ती, फिर गुप्त ग्रुप में जोड़ना और उसके बाद कम कीमत या मुफ्त में नशा उपलब्ध कराकर उन्हें इसकी लत लगाने की कोशिश की जाती है।

### कोड वर्ड से चलता है खेल

तस्कर खुले तौर पर नशे का नाम नहीं लेते। इसके बजाय कोड वर्ड, इमोजी और गुप्त संकेतों का इस्तेमाल किया जाता है। सोशल मीडिया पर प्राइवेट अकाउंट और बंद ग्रुप बनाए जाते हैं, जहां केवल भरोसेमंद ग्राहकों को ही शामिल किया जाता है। बातचीत भी ऐसी भाषा में होती है, जिससे सामान्य व्यक्ति को किसी अवैध गतिविधि का अंदाजा न लगे।

### यूं लगाते हैं लत

पुलिस अधिकारियों के अनुसार कई मामलों में तस्कर नए युवाओं को पहली बार मुफ्त या बेहद कम कीमत पर नशा उपलब्ध कराते हैं। मकसद उन्हें इसकी आदत डालना होता है। एक बार लत लगने के बाद वही ग्राहक नियमित खरीदार बन जाता है और फिर उससे अधिक कीमत वसूली जाती है।


एआई जेनरेटेड

### नकद पेमेंट से बच रहे

जांच में यह भी सामने आया है कि अब अधिकांश सौदों में नकद लेनदेन से बचा जा रहा है। भुगतान डिजिटल वॉलेट, यूपीआई और अन्य ऑनलाइन माध्यमों से कराया जाता है। इससे तस्करों को लगता है कि उनके खिलाफ प्रत्यक्ष नकदी का कोई सबूत नहीं मिलेगा। हालांकि पुलिस अब डिजिटल ट्रांजेक्शन की भी गहन जांच कर रही है।

### होम डिलीवरी बना नया हथियार

नशे की होम डिलीवरी तेजी से बढ़ी है। तस्कर खुद सामने आने के बजाय डिलीवरी बॉय, बाइक सवार, कैब या पार्सल जैसी सेवाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं। ग्राहक को फोन या मैसेज के जरिए एक तय लोकेशन भेजी जाती है, जहां से डिलीवरी की जाती है। देर रात या कम भीड़भाड़ वाले स्थानों को चुना जाता है। होम डिलीवरी का नेटवर्क शहर के सभी क्षेत्रों तक फैल चुका है।

### फर्जी सिम व खाते से छिपा रहे पहचान

पुलिस के अनुसार तस्कर लगातार अपने मोबाइल नंबर और सोशल मीडिया अकाउंट बदलते रहते हैं। फर्जी सिम कार्ड और नकली प्रोफाइल के जरिए वे अपनी पहचान छिपाने का प्रयास करते हैं। इससे जांच एजेंसियों के सामने चुनौती बढ़ जाती है, लेकिन साइबर तकनीक और डिजिटल विश्लेषण की मदद से पुलिस ऐसे नेटवर्क तक पहुंचने में सफल हो रही है।

### कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे तो पुलिस को दें सूचना



नशे के खिलाफ अभियान केवल पुलिस का नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व है। यदि किसी व्यक्ति को सोशल मीडिया पर नशा बेचने या उसकी होम डिलीवरी से जुड़ी कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे, तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। समय पर मिली सूचना न केवल किसी बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश कर सकती है, बल्कि कई युवाओं का भविष्य भी बचा सकती है। पुलिस का अभियान आगे भी इसी तरह सख्ती के साथ जारी रहेगा।

**-गौरव राजपुरोहित,** एसपी रोहतक

# दिल्ली बाइपास से आईएमटी चौक तक बनेगा स्मार्ट रोड

30 करोड़ रुपये होंगे खर्च, मंजूरी के लिए सरकार को भेजा प्रस्ताव

## लगेंगे चार्जिंग प्वाइंट, हाई क्वालिटी सामग्री लगेगी | हरियाली के लिए दोनों ओर लगाए जाएंगे पेड़-पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

दिल्ली बाइपास चौक से आईएमटी तक का सफर आने वाले दिनों में पूरी तरह बदला हुआ नजर आएगा। शहर के इस महत्वपूर्ण मार्ग को अब सिर्फ सड़क नहीं, बल्कि आधुनिक सुविधाओं से लैस स्मार्ट सड़क के रूप में विकसित करने की तैयारी है। 30 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस सड़क पर उच्च गुणवत्ता की निर्माण सामग्री का प्रयोग होगा। सड़क किनारे हरियाली बढ़ाने के लिए पेड़-पौधे लगाए जाएंगे, जबकि रात के समय बेहतर रोशनी के लिए आधुनिक स्ट्रीट लाइटें लगेंगी। इतना ही नहीं, भविष्य की जरूरतों को देखते हुए मार्ग पर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन भी स्थापित होंगे। नगर निगम ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना का प्रस्ताव तैयार कर उसे मंजूरी के लिए सरकार के पास भेज दिया है। सरकार से स्वीकृति मिलने के बाद योजना को धरातल पर उतारने की प्रक्रिया शुरू होगी। निगम अधिकारियों के अनुसार इस सड़क का निर्माण शहर के बढ़ते यातायात और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर किया जाएगा।


एआई जेनरेटेड

### शहर का मुख्य मार्गः रोजाना गुजरते हैं हजारों वाहन

दिल्ली बाइपास चौक से आईएमटी तक का मार्ग शहर के प्रमुख संपर्क मार्गों में शामिल है। इस रास्ते से रोजाना बड़ी संख्या में वाहन गुजरते हैं। औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण भारी वाहनों की आवाजाही भी रहती है। ऐसे में सड़क के आधुनिक स्वरूप में विकसित होने से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है। साथ ही आईएमटी और आसपास के क्षेत्रों में आने-जाने वाले लोगों को भी बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। फिलहाल यहां एक सड़क पर निर्माण कार्य चल रहा है।साथ ही बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के बाहर अंडरपास का निर्माण चल रहा है। सीवर लाइन मरम्मत पर भी करोड़ों खर्च हो चुके हैं। परियोजना की खास बात यह होगी कि सड़क निर्माण के साथ पर्यावरण और सौंदर्यीकरण पर भी ध्यान दिया जाएगा। सड़क के दोनों ओर निर्धारित स्थानों पर पेड़-पौधे लगाए जाएंगे। इससे मार्ग को हरा-भरा बनाने के साथ प्रदूषण कम करने में भी मदद मिल सकती है। हरियाली के लिए लगाए जाने वाले पौधों के रखरखाव की व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत होगी।

### आधुनिक स्ट्रीट लाइटों से जगमगाएगा मार्ग

सड़क पर आधुनिक स्ट्रीट लाइटें लगाने का भी प्रस्ताव है। इससे रात के समय वाहन चालकों को बेहतर दृश्यता मिलेगी और सड़क की सुरक्षा बढ़ेगी। स्ट्रीट लाइटों की डिजाइन और व्यवस्था इस तरह किए जाने की योजना है कि पूरे मार्ग पर पर्याप्त रोशनी उपलब्ध रहे। बदलते समय के साथ इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए स्मार्ट सड़क परियोजना में चार्जिंग स्टेशन भी शामिल किए गए हैं। इससे इलेक्ट्रिक वाहन चालकों को रास्ते में चार्जिंग की सुविधा मिल सकेगी। यह सुविधा भविष्य में शहर के परिवहन ढांचे को अधिक आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल बनाने में उपयोगी साबित हो सकती है।

### सरकार की मंजूरी का इंतजार

नगर निगम की ओर से प्रस्ताव सरकार को भेजे जाने के बाद अब परियोजना को स्वीकृति मिलने का इंतजार है। मंजूरी मिलते ही आगे की प्रक्रिया में डीपीआर, तकनीकी औपचारिकताओं और टेंडर की कार्रवाई पूरी की जाएगी। इसके बाद सड़क निर्माण का काम शुरू किया जा सकेगा। निगम की योजना है कि सड़क को केवल आवागमन का साधन बनाने के बजाय इसे शहर की आधुनिक जरूरतों के अनुरूप विकसित किया जाए, ताकि आने वाले वर्षों में भी यह मार्ग यातायात, पर्यावरण और तकनीक के लिहाज से उपयोगी बना रहे।

# शहर के सभी 22 वार्डों में खुलेंगे सीएससी, निगम खर्च करेगा डेढ़ करोड़ रुपये

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर में नागरिक सुविधाओं को लोगों के घर के नजदीक पहुंचाने की दिशा में नगर निगम बड़ा कदम उठाने की तैयारी में है। निगम की योजना के तहत शहर के सभी वार्डों में सीएससी (कस्टमर सर्विस सेंटर) की संख्या बढ़ाई जाएगी। इन सेंटरों के निर्माण और सुविधाओं पर नगर निगम डेढ़ करोड़ रुपये खर्च करेगा। इसका उद्देश्य लोगों को छोटी-छोटी सुविधाओं और सरकारी सेवाओं के लिए दूर स्थित कार्यालयों या केंद्रों के चक्कर न लगाने पड़ें।

अभी शहर में गिनी-चुनी जगहों पर ही सीएससी सेंटर बने हुए हैं। ऐसे में कई वार्डों के लोगों को इन केंद्रों तक पहुंचने के लिए काफी दूरी तय करनी पड़ती है। निगम की योजना के सिरे चढ़ने के बाद प्रत्येक वार्ड में जरूरत के अनुसार सीएससी विकसित किए जाएंगे। इससे स्थानीय स्तर पर नागरिक सुविधाओं का विस्तार होगा। निगम अधिकारियों के अनुसार, सेंटरों के लिए वार्ड स्तर पर स्थान और जरूरत का आकलन किया जाएगा। जिन क्षेत्रों में आबादी अधिक है अथवा जहां लोगों को सुविधाएं हासिल करने में परेशानी हो रही है, वहां प्राथमिकता के आधार पर सेंटर विकसित किए जा सकते हैं।

### ये सुविधाएं मिलेंगी

- घर के नजदीक सुविधाएं मिलेंगी, निगम कार्यालय तक बार-बार जाने की जरूरत कम होगी।
- जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए आवेदन/संबंधित सेवाएं
- आधार कार्ड से जुड़ीं सेवाएं
- पैन कार्ड संबंधी आवेदन
- जाति, आय, निवास प्रमाण पत्रों व सरकारी योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन
- राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड और खाद्य आपूर्ति संबंधी सेवाएं
- बिजली, पानी व अन्य उपयोगिता बिल जमा करना
- डिजिटल बैंकिंग की सुविधाएं
- पेंशन व सामाजिक कल्याण योजनाओं से संबंधित आवेदन
- रोजगार, ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन पंजीकरण संबंधी सेवाएं
- पासपोर्ट आवेदन में सहायता
- सरकारी पोर्टल पर ऑनलाइन फॉर्म भरने, दस्तावेज अपलोड और प्रिंट की सुविधा
- नगर निगम से जुड़ी शिकायतें और नागरिक सेवाओं के लिए सहायता

### अभी सीमित है संख्या

फिलहाल शहर में कुछ चुनिंदा स्थानों पर ही सीएससी हैं। निगम की नई योजना के तहत डेढ़ करोड़ रुपये खर्च कर इन केंद्रों का विस्तार करने की तैयारी है। यदि योजना निर्धारित समय में लागू होती है तो आने वाले समय में प्रत्येक वार्ड में बेहतर और आसानी से नागरिक सुविधाएं मिल सकेंगी।

# ईंट भट्ठे पर काम करने वाले 19 वर्षीय युवक ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जिले के टीटोली गांव स्थित एक ईंट भट्ठे पर काम करने वाले 19 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान राहुल (19), निवासी ब्राह्मणवास के रूप में हुई है। राहुल टीटोली गांव के एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था। किसी कारणवश उसने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक के पिता संदीप ने पुलिस को बताया कि राहुल ईंट भट्ठे पर काम करता था और उसे किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं थी। परिवार को भी उसके इस कदम के पीछे किसी कारण की जानकारी नहीं है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई भेज दिया है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

# ओमेक्स सिटी के पास नहर में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**रोहतक।** ओमेक्स सिटी के पास जेएलएन नहर में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। सुबह नहर के पास से गुजर रहे लोगों ने पानी में शव देखा तो तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। एफएसएल टीम की प्रभारी डॉ. सरोज दहिया ने मौके से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए, जबकि पुलिस ने शव को नहर से निकलवाया और पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई भेज दिया। पुलिस के अनुसार, मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। आसपास के लोगों से पूछताछ के अलावा थानों में दर्ज गुमशुदगी के मामलों का भी मिलान किया जा रहा है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

# अब नहीं होगा फर्जी समाधान

## सख्त हुए नियमः एचओडी की मुहर व हस्ताक्षर के बाद ही निस्तारित मानी जाएगी समाधान शिविर की शिकायत

- शिविर शुरू होने के बाद से अब तक पोर्टल पर दर्ज की जा चुकी हैं 8,383 शिकायतें
- 7,231 शिकायतों का निस्तारण का दावा, 367 परिवेदनाएं अभी भी पड़ी हैं लंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया को सरकार ने और सख्त कर दिया है। अब किसी भी शिकायत को केवल कार्रवाई दर्ज कर पोर्टल पर अपलोड करने से उसे निस्तारित नहीं माना जाएगा। शिकायत का समाधान संबंधित विभागाध्यक्ष की मुहर और हस्ताक्षर के बाद ही पोर्टल पर अपलोड किया जा सकेगा। इसके साथ ही शिकायतकर्ता अथवा अधिकृत प्रतिनिधि (अधिकृत व्यक्ति) के हस्ताक्षर भी अनिवार्य किए गए हैं, ताकि यह प्रमाणित हो सके कि शिकायतकर्ता समाधान से संतुष्ट है या उसे कार्रवाई की जानकारी दे दी गई है। प्रशासन का कहना है कि लंबित शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं। जिन मामलों में मौके पर निरीक्षण, दस्तावेजों की जांच या अन्य विभागों से समन्वय की आवश्यकता है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है, ताकि पात्र लोगों को समय पर राहत मिल सके। समाधान शिविरों की प्रगति की नियमित समीक्षा भी की जा रही है और प्रत्येक विभाग से लंबित मामलों की स्थिति की रिपोर्ट ली जा रही है।

### वास्तविक समाधान सुनिश्चित करना उद्देश्य

सरकारी निर्देशों के अनुसार यदि शिकायत पुलिस विभाग से संबंधित है तो उसके निस्तारण पर जिला पुलिस अधीक्षक की मुहर और हस्ताक्षर आवश्यक होंगे। इसी प्रकार राजस्व या प्रशासनिक मामलों में संबंधित उपमंडल अधिकारी (नागरिक) तथा आवश्यकता पड़ने पर उपायुक्त की स्वीकृति और हस्ताक्षर भी लेने होंगे। इन औपचारिकताओं के बाद ही शिकायत को पोर्टल पर निस्तारित श्रेणी में दर्ज किया जाएगा। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि इस व्यवस्था का उद्देश्य केवल कागजी निपटान दिखाने के बजाय वास्तविक समाधान सुनिश्चित करना है। पहले कई बार शिकायतों पर कार्रवाई दर्ज होने के बावजूद शिकायतकर्ता को पूरी जानकारी नहीं मिल पाती थी। अब प्रत्येक शिकायत का सत्यापन जिम्मेदार अधिकारी और शिकायतकर्ता, दोनों स्तर पर किया जाएगा।

### परीक्षण, सत्यापन व स्वीकृति प्रक्रिया में हैं शिकायतें

जिला विकास एवं पंचायत विकास अधिकारी राजपाल चहल बताते हैं कि समाधान शिविर शुरू होने के बाद से अब तक 8,383 शिकायतें पोर्टल पर दर्ज की जा चुकी हैं। इनमें से 7,231 शिकायतों का निस्तारण होने की जानकारी सरकार के पोर्टल पर दर्ज है। वहीं 367 शिकायतें अभी भी लंबित हैं, जिन पर संबंधित विभागों की ओर से कार्रवाई जारी है। शेष शिकायतें विभिन्न स्तरों पर परीक्षण, सत्यापन अथवा स्वीकृति की प्रक्रिया में हैं।

### हर शिकायत की निगरानी कर रही सरकार

जिला प्रशासन के अनुसार समाधान शिविरों का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का एक ही स्थान पर त्वरित समाधान करना है। इसके लिए सभी विभागों के अधिकारियों को शिविर में उपस्थित रहकर शिकायतें सुनने और तय समय सीमा में उनका निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार भी पोर्टल के माध्यम से प्रत्येक शिकायत की निगरानी कर रही है। नई व्यवस्था के तहत अधिकारियों की जवाबदेही भी बढ़ गई है। किसी शिकायत को बिना सक्षम अधिकारी की मुहर और हस्ताक्षर के निस्तारित नहीं माना जाएगा। इससे शिकायतों के निपटान में पारदर्शिता बढ़ने और गलत रिपोर्टिंग की संभावना कम होने की उम्मीद है।

**वर्ल्ड हेपेटाइटिस डे आज** | गैस्ट्रोएंटरोलॉजी मॉडल ट्रीटमेंट सेंटर में रोज 100 मरीज ले रहे उपचार

# पीजीआईएमएस में काला पीलिया का मुफ्त इलाज जांच से दवा तक की सुविधा एक ही छत के नीचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

आज विश्व काला पीलिया दिवस है और इस बार की थीम है आओ इसे खत्म करें। काला पीलिया (हेपेटाइटिस-बी) अब लाइलाज बीमारी नहीं है। समय पर जांच और सही इलाज से इस पर पूरी तरह काबू पाया जा सकता है। इस मौके पर पीजीआईएमएस के मेडिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग ने लोगों से समय रहते जांच कराने की अपील की। विभागाध्यक्ष डॉ. प्रवीण मल्होत्रा ने बताया कि पीजीआईएमएस हरियाणा का एकमात्र गैस्ट्रोएंटरोलॉजी मॉडल ट्रीटमेंट सेंटर है, जहां राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम के तहत मरीजों का रोजाना और पूरी तरह निशुल्क इलाज किया जाता है। विभाग में अब तक 39 हजार मरीज पंजीकरण करा चुके हैं।

रोज 80 से 100 मरीज इलाज के लिए आते हैं, जिनमें 15 से 20 नए और 60 से 70 पुराने मरीज फॉलोअप के लिए पहुंचते हैं। यहां जांच, दवाइयां, एंडोस्कोपी, फाइब्रोस्कैन और भर्ती सहित सभी सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं। यहां 20 लोगों की टीम काम करती है और यहां अब तक करीब 38 हजार एंडोस्कोपी और 49 हजार फाइब्रोस्कैन मुफ्त किए जा चुके हैं, जिससे मरीजों के लाखों रुपये की बचत हुई है।



### यूं करें काला पीलिया से बचाव

- नशे और संक्रमित सुई के प्रयोग से बचें।
- नई सिरिंज और सुरक्षित ब्लेड का प्रयोग करें।
- टैटू केवल प्रमाणित सेंटर से बनवाएं।
- गर्भवती महिला हेपेटाइटिस-बी की जांच कराएं।
- परिवार में मरीज मिलने पर सभी सदस्यों की जांच और जरूरत पड़ने पर वैक्सीनेशन कराएं।
- इलाज प्रशिक्षित डॉक्टर से ही कराएं।

### संक्रमण रोकने में पाई सफलता

डॉ. मल्होत्रा ने बताया कि विभाग ने हेपेटाइटिस-बी से संक्रमित गर्भवती महिलाओं से नवजात में संक्रमण रोकने की दिशा में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। अब तक 609 बच्चों को संक्रमण से बचाया जा चुका है। इसके अलावा मरीजों के परिवारों की भी जांच कराई जाती है और संक्रमण न मिलने पर मुफ्त वैक्सीन लगाई जाती है। करीब 12 प्रतिशत संक्रमित मिले लोगों का इलाज भी शुरू कराया गया। उन्होंने कहा कि देश में पहली बार हाई रिस्क ग्रुप के लिए मुफ्त हेपेटाइटिस-बी टीकाकरण की शुरुआत भी इसी केंद्र से हुई। अब तक 4 हजार आम नागरिकों और 3 हजार हेल्थ केयर वर्कर्स को वैक्सीन लगाई जा चुकी है। वहीं, बार्बर और ब्यूटी पार्लर संचालकों को भी सुरक्षित कार्यप्रणाली का प्रशिक्षण दिया गया है, जिसके तहत 100 से ज्यादा सुरक्षा किट बाँटे गए और वैक्सीन लगाई गई। हर महीने रक्तदान करने आए करीब 80 लोगों में काला पीलिया पाया जाता है तो उन्हें भी तुरंत इलाज शुरू करके ठीक किया जाता है।

# पीएम-अजय योजना से अधिक पात्र लोगों को जोड़ने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

**बैठक में समिति की ओर से 22 प्रस्तावों को मंजूरी, लोगों को आत्मनिर्भर बनाना लक्ष्य**

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि योजना का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से जरूरतमंदों तक पहुंचे। सोमवार को कैंप कार्यालय में हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की ओर से संचालित पीएम-अजय योजना के तहत जिला स्तरीय परियोजना मूल्यांकन एवं अभिसरण समिति की बैठक उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई। बैठक में समिति के समक्ष 22 प्रस्ताव रखे गए, जिन पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ चर्चा के बाद सभी प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान कर दी गई। उपायुक्त ने कहा कि योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति वर्ग के पात्र लोगों को स्वरोजगार के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इसके तहत पात्र लाभार्थियों को व्यवसाय शुरू करने के लिए एक लाख रुपये से छह लाख रुपये तक ऋण देने का प्रावधान है।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता रामेंद्र मलिक, जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता संदीप सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपिका सैनी, जिला समाज कल्याण अधिकारी महाबीर गोदारा, सहायक जिला सूचना अधिकारी सपना सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# रोहतक के उत्तम विहार में मिला डेंगू का पहला केस एक्शन में स्वास्थ्य विभाग, 40 टीमें मैदान में उतारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले में इस वर्ष डेंगू का पहला मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। उत्तम विहार निवासी एक व्यक्ति में डेंगू संक्रमण की पुष्टि होने के बाद प्रभावित क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है। विभाग की टीमें घर-घर जाकर सर्वे, लार्वा जांच और लोगों को जागरूक करने का काम कर रही हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अब तक जिले में 1711 संदिग्ध सैंपलों की जांच की जा चुकी है। डेंगू की रोकथाम के लिए 40 डोमेस्टिक ब्रीडिंग चेकर (डीबीसी) टीमें विभिन्न इलाकों में सक्रिय हैं, जो घरों, खाली प्लॉटों और सार्वजनिक स्थानों पर मच्छरों के लार्वा की जांच कर रही हैं।



**डेंगू के लक्षण**

- बुखार (102–104 डिग्री तक)
- सिर व मांसपेशियों में तेज दर्द
- आंखों के पीछे दर्द
- शरीर, जोड़ों में दर्द
- त्वचा पर लाल चकत्ते या दाने
- जी मिचलाना या उल्टी व थकान
- प्लेटलेट्स कम होना,

**ये बरतें उपाय**

- घर-आसपास पानी जमा न होने दें।
- कूलर का पानी सप्ताह में जरूर बदलें।
- पानी की टंकी, ड्रम और बर्तनों को ढकें।
- टायर, गमले में पानी न ठहरने दें।
- पूरे बाजू के कपड़े पहनें
- मच्छरदानी का उपयोग करें।
- मच्छररोधी क्रीम या स्प्रे का प्रयोग करें।

### दवाओं का पर्याप्त भंडार

लापरवाही बरतने पर 491 लोगों को नोटिस जारी कर घरों और आसपास जमा पानी हटाने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग के पास फॉगिंग और लार्वा नियंत्रण के लिए आवश्यक दवाओं का पर्याप्त भंडार भी उपलब्ध है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि बरसात के दौरान कूलर, गमले, टायर, पानी की टंकियों और अन्य स्थानों पर पानी जमा न होने दें। बुखार आने पर सावधानी बरतें और तुरंत अस्पताल में दिखाएं और नारियल पानी पीएं।

### साफ पानी में पनपता है एडीज मच्छर

एडीज मच्छर साफ और रुके हुए पानी में पनपता है, इसलिए सप्ताह में कम से कम एक बार पानी के स्रोतों को खाली और साफ करना जरूरी है। विभाग का कहना है कि प्रशासन और आमजन के सहयोग से डेंगू के प्रसार को प्रभावी ढंग से रोका जा सकता है।



## गुरु पूर्णिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर भाजपा करेगी गुरु रविदास समरस सकंल्प अभियान की शुरुआत

**रोहतक।** गुरु रविदास महाराज के 650वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे गुरु रविदास समरस संकल्प अभियान के संचालन को लेकर भाजपा जिला कार्यालय मंगल कमल में एक जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला भाजपा जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जबकि गुरु रविदास समरस संकल्प अभियान रोहतक के जिला संयोजक डॉ. अशोक कुमार रंगा ने मुख्य वक्ता के रूप में अभियान की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यशाला को संबोधित करते हुए डॉ. अशोक कुमार रंगा ने कहा कि 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर जिले के गुरु रविदास मंदिरों सहित अन्य सभी मंदिरों में दीप प्रज्ज्वलित कर गुरु रविदास समरस संकल्प अभियान का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह अभियान गुरु रविदास के 650वें प्रकाश पर्व को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। डॉ.रंगा ने कहा कि गुरु रविदास महाराज का संदेश ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न, छोटे-बड़े सब सम बसें, रविदास रहे प्रसन्न आज भी सामाजिक समरसता का सर्वोत्तम मार्गदर्शन करता है। मौके पर बीर सिंह हुड्डा, चाचा नाथी, दीपक हुड्डा, डॉ दिनेश शास्त्री, राजन बोहत, नरेश खुंडियां, मीनाक्षी, नवीन ढुल, वीणा सिक्का, अभिनंदन भारद्वाज, दीपू नागपाल, संगीता सिंगला, रणवीर निबोड़िया, रवि हुड्डा, मंडल अध्यक्ष कुलदीप कौशिक, कपिल खत्री, भूप सिंह गरनावठी, अमित मग्गू, रॉकी सहगल, जितेन्द्र नांदल, गीता अहल्यान एवम् सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 5.01 लाख हस्ताक्षरों के साथ डीसी कार्यालय पहुंचे गो भक्त

# गो माता को प्रधान, नंदी महाराज को सरपंच मानकर सौंपा ज्ञापन

**प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार से गो माता को राष्ट्र माता का दर्जा और गो संरक्षण के लिए प्रभावी एवं कठोर कानून बनाने की रखी मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गो माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने और गो संरक्षण के लिए सख्त कानून बनाने की मांग को लेकर सोमवार को डीसी कार्यालय के बाहर गोभक्तों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। खास बात यह रही कि प्रदर्शन में किसी व्यक्ति को अध्यक्ष नहीं बनाया गया। आयोजकों ने गो माता को प्रधान और नंदी महाराज को सरपंच मानकर कार्यक्रम आयोजित किया। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने 5 लाख 1 हजार नागरिकों के हस्ताक्षर वाला मांग पत्र उपायुक्त को सौंपकर इसे मुख्यमंत्री, राज्यपाल, प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति तक पहुंचाने का अनुरोध किया।




रोहतक। प्रदर्शन करते गो संरक्षण के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### 27 जनवरी को पीएम को सौंपेंगे ज्ञापन

अभियान से जुड़े लोगों ने बताया कि ज्ञापन सौंपने का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। इसके तहत आगामी 27 अक्टूबर को देशभर में विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों के आवास पर पहुंचकर मांग पत्र सौंपे जाएंगे। इसके बाद भी आंदोलन और जनसंपर्क अभियान जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि 27 जनवरी को प्रधानमंत्री आवास पर पहुंचकर मांग पत्र सौंपने की योजना बनाई गई है।

### केंद्र सरकार के सामने रखी दो प्रमुख मांगें

ज्ञापन में केंद्र सरकार से गो माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने और गो संरक्षण के लिए प्रभावी एवं कठोर कानून बनाने की मांग की गई है। अभियान से जुड़े लोगों का कहना था कि भारतीय संस्कृति में गो माता का विशेष स्थान रहा है और समाज का बड़ा वर्ग गौ संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी मानता है। इसी उद्देश्य से व्यापक स्तर पर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान अभियान से जुड़े प्रतिनिधि और समर्थक मौजूद रहे। उन्होंने सहयोग करने वाले नागरिकों, सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवकों का आभार जताते हुए कहा कि गौ संरक्षण और जनजागरण से जुड़े कार्यक्रम भविष्य में भी जारी रहेंगे।

### गो भक्तों ने मानसरोवर पार्क में की आमसभा

डीसी कार्यालय के बाहर पहुंचने से पहले गोभक्तों ने मानसरोवर पार्क में आम सभा की। इसके बाद गो माता सम्मान जन-अभियान के बैनर तले जुटे लोगों ने गो संरक्षण और गो माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। अभियान से जुड़े लोगों ने बताया कि तीन महीने पहले इसी मांग को लेकर तहसीलदार के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया था। अब 27 जुलाई को डीसी के माध्यम से मांग पत्र आगे भेजा गया है। प्रतिनिधियों ने बताया कि अभियान के तहत देश और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क कर 5 लाख 1 हजार लोगों के हस्ताक्षर करवाए गए हैं। उन्होंने कहा कि ये हस्ताक्षर केवल संख्या नहीं, बल्कि गो संरक्षण के समर्थन में लोगों की भावनाओं और भागीदारी का प्रतीक हैं।

## पारंपरिक बुनाई व हथकरघा कौशल से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर: उपायुक्त



**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि पारंपरिक बुनाई और हथकरघा कला केवल सांस्कृतिक विरासत नहीं, बल्कि रोजगार सृजन का प्रभावी माध्यम भी है। इन पारंपरिक कौशलों को संरक्षित कर नई पीढ़ी तक पहुंचाने की जरूरत है, ताकि महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता और स्वरोजगार के नए अवसर तैयार हो सकें। सोमवार को बोहर गांव स्थित जुगल भवन में केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय के विकास आयुक्त (हथकरघा) कार्यालय के माध्यम से बुनकर सेवा केंद्र पानीपत द्वारा समर्थ योजना के तहत आयोजित 45 दिवसीय बुनाई प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ उपायुक्त सचिन गुप्ता और आयकर विभाग की संयुक्त आयुक्त हेना सुखना ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान उपायुक्त ने लूप पर बुनाई का प्रशिक्षण लिया, जबकि हेना सुखना ने पारंपरिक चरखे पर रेजे की कताई कर बुनाई प्रक्रिया का अवलोकन किया। उपायुक्त ने कहा कि प्राकृतिक रेशों से तैयार कपड़े स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं। इनमें वायु संचार बेहतर रहता है और एंटी माइक्रोबियल गुण भी पाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता आधारित प्रशिक्षण से इस क्षेत्र में तैयार उत्पादों की मांग देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त महिलाएं आगे अन्य लोगों को भी प्रशिक्षित कर सकती हैं। इससे कोट, साड़ी और अन्य पारंपरिक वस्त्रों के निर्माण के माध्यम से स्थानीय स्तर पर रोजगार की मजबूत श्रृंखला विकसित होगी। उन्होंने पारंपरिक कला को आधुनिक बाजार से जोड़ने पर भी जोर दिया। प्रशिक्षण शिविर 27 जुलाई से 19 सितंबर 2026 तक चलेगा। पहले बैच में 25 महिलाओं ने पंजीकरण कराया है। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षक ललिता ने उपायुक्त और संयुक्त आयुक्त को रेजे से तैयार शॉल और पौधा भेंट कर सम्मानित किया। दोनों अधिकारियों ने प्रशिक्षणार्थी महिलाओं को बैग वितरित किए।

## विनोद नांदल मैमोरियल स्कूल में 54वां जन्मदिवस समारोह व छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दिल्ली रोड स्थित विनोद नांदल मैमोरियल पब्लिक स्कूल में स्व. श्रीदल जी को भाव-भीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन करने के साथ हुई। समारोह में नर्सरी से लेकर दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। नन्हे बच्चों ने 'गलती से मिस्टेक', 'मेरे वाला डांस' व 'लिखे जो खत तुझे' गीतों पर मनमोहक नृत्य किया, वहीं तीसरी व चौथी कक्षा के बच्चों ने भंगड़ा तथा सातवीं से दसवीं के विद्यार्थियों ने हरियाणवी और 'नगाड़ा' गानों पर धमाकेदार प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर अंग्रेजी भाषण के माध्यम से स्व. विनोद के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के दौरान सत्र 2025-26 के मेधावी (प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले) विद्यार्थियों को चेयरमैन ओमप्रकाश नांदल एवं प्रधानाचार्य राजेश हुड्डा द्वारा छात्रवृत्तियां प्रदान की गईं। अंत में बच्चों को कड़ी मेहनत की प्रेरणा देते हुए वृक्षारोपण अभियान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### स्पंदन संस्था ने की मासिक काव्यगोष्ठी

## कविता सुनने-सुनाने की परंपरा के लिए ऐसे कार्यक्रम जरूरी : सुशीला




**रोहतक।** स्पंदन संस्था द्वारा झज्जर चुंगी स्थित एक स्पोर्ट्स अकेडमी में काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी पद से सेवानिवृत्त म्हारी संस्कृति म्हारा स्वाभिमान संगठन की राष्ट्रीय महिला प्रमुख, हिन्दी साहित्य प्रेरक संस्था, संस्कार भारती व सर्व कल्याण मंच आदि संस्थाओं से जुड़ी तथा अंतरराष्ट्रीय नेपाल भारत मैत्री अवार्ड, अंतरराष्ट्रीय नेपाल भारत साहित्य शिरोमणि सम्मान आदि विभिन्न सम्मानों से सम्मानित सुशीला जांगड़ा की अध्यक्षता में आयोजित इस काव्यगोष्ठी में मंच संचालन पवन गहलोत ने किया तथा मुख्य अतिथि की भूमिका सेवानिवृत ड्राईंग टीचर धर्म सिंह अहलावत की रही। स्पंदन संस्था द्वारा आयोजित इस काव्यगोष्ठी की खास बात यह थी कि इसमें रेणुका खुंडिया की कहानी जिंदगी पर चर्चा भी हुई जिसमें तथाकथित ऑनर किलिंग के नाम पर समाज के बिगड़ते चेहरे के बारे में उपस्थित लोगों ने अपने विचार रखें। सुशीला जांगड़ा ने स्पंदन संस्था द्वारा नियमित रूप से किये जा रहे काव्यगोष्ठियों के आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि कविता को सुनने-सुनाने की परंपरा को कायम रखने के लिए इस तरह के आयोजन बेहद जरूरी हैं। धर्म सिंह अहलावत ने इस कहानी पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि - किसी भी रिश्ते की सफलता के लिए एक-दूसरे के साथ परस्पर सम्मान के साथ ही त्याग और समर्पण की भावना भी बेहद जरूरी है। सुशीला जांगड़ा ने कन्या भ्रूणहत्या के परिणामस्वरूप लड़कियों की घटती संख्या के कारण बहुत से लड़कों के कुँवारे रह जाने की स्थिति पर चिंता जाहिर करते हुए एक भजन सुनाया। पवन मित्तल ने अपने चिर-परिचित अंदाज में रागिनी के माध्यम से लेखकों की वर्तमान दशा का यथार्थ वर्णन किया। धर्म सिंह अहलावत ने भी सामाजिक समरसता पर बल देते हुए बहुत ही प्रभावशाली गजल सुनाई। रेणुका खुंडिया, सुधीर खुंडिया एवं डॉ रमेश धारीवाल की कविताएँ भी उपस्थित श्रोताओं द्वारा खूब सराही गईं।

## न्यूज डायरी



### रोटरी क्लब: रेकी हीलिंग और मेडिटेशन से किया सकारात्मक ऊर्जा का संचार

**रोहतक।** रोटरी क्लब ऑफ रोहतक सिटी द्वारा आज दिल्ली रोड स्थित पेज होटल में एक विशेष ब्रेकफास्ट मीटिंग के साथ रेकी हीलिंग एवं गाइडेड मेडिटेशन सत्र का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सदस्यों के शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक स्वास्थ्य में सुधार लाना और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना था। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि सत्र का शुभारंभ ध्यान एवं श्वास अभ्यास के साथ हुआ। इसके बाद वेलनेस कोच गार्गी, नेहा धनखड़ और वर्षा चावला ने रेकी हीलिंग, मेडिटेशन और तनाव प्रबंधन पर प्रभावी मार्गदर्शन दिया। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन विकास बिंदल ने सभी प्रशिक्षकों व सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्लब समाज सेवा के साथ-साथ सदस्यों की मानसिक शांति और आपसी भाईचारे के लिए ऐसे आयोजन भविष्य में भी जारी रखेगा।



### सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्वयंसेवकों और एनसीसी कैडेट्स ने किया पौधरोपण

**रोहतक।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एनएसएस स्वयंसेवकों और एनसीसी कैडेट्स द्वारा संयुक्त रूप से पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के छायादार और फलदार पौधे लगाए। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के प्राचार्य डॉ. आर.के. सैनी ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का मुख्य आधार हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक है। इस पौधारोपण अभियान में एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर सुमन लता और एनसीसी इंचार्ज प्रियंका, मोनिका, बेबी सहित अन्य स्टाफ सदस्य विशेष रूप से मौजूद रहे। सभी ने मिलकर पर्यावरण को हरा-भरा और स्वच्छ बनाने का संदेश दिया।

### 72 घंटे बाद भी नहीं हुई पहचान, जीआरपी ने 'बाबा जैसे' बुजुर्ग के परिजनों से मांगी मदद

**रोहतक।** ट्रेन के कोच में मिले एक अज्ञात बुजुर्ग के शव की पहचान 72 घंटे बाद भी नहीं हो सकी है। जीआरपी ने अब आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि यदि किसी का परिजन या परिचित पिछले कुछ दिनों से लापता है और उसका हुलिया मृतक से मेल खाता है, तो तुरंत पुलिस से संपर्क करें, ताकि शव की पहचान कर उसे परिजनों को सौंपा जा सके। जीआरपी थाना के जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल भारती ने बताया कि 27 जुलाई को सुबह करीब 8 बजे ट्रेन के गार्ड डिब्बे से अगले कोच में सीट नंबर 4-5 की निचली सीट पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए शव को पहचान के लिए की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 80 से 85 वर्ष है। आईओ भारती ने बताया कि पुलिस आसपास के क्षेत्रों सहित विभिन्न माध्यमों से मृतक की पहचान कराने के लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है।



### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बच्चों का ज्ञान परखा




**रोहतक।** एचएम पब्लिक स्कूल में कक्षा चौथी से सातवीं तक के विद्यार्थियों के लिए एक रोचक, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को जीवंत और आकर्षक बनाने में अध्यापिका कांता, रेणु व श्वेता का प्रभावशाली मंच-संचालन रहा। प्रतियोगिता के संपूर्ण संचालन की जिम्मेदारी अनीता मलिक ने निभाई। टीम डायमंड डायनेस्टी से राधिका, यश, आयुष, तमन्ना व मनीत ने प्रतियोगिता जीती। उप-प्राचार्या सोनिया रानी ने विजेताओं का हौसला बढ़ाया।

### जंतर-मंतर आंदोलन में मेडिकल सर्विस सेंटर ने लगाया चिकित्सा सहायता शिविर



**रोहतक।** जंतर-मंतर पर आयोजित आंदोलन में 20 जुलाई को आंदोलनकारियों पर हुए पुलिस के लाठीचार्ज और उससे उत्पन्न परिस्थितियों का संज्ञान लेते हुए मेडिकल सर्विस सेंटर ने 21 से 25 जुलाई तक जंतर-मंतर पर निरंतर चिकित्सा सहायता शिविर संचालित किए। इन शिविरों में निःशुल्क प्राथमिक उपचार, आवश्यक दवाइयां, ड्रेसिंग तथा अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। आवश्यक मरीजों को उच्च चिकित्सा संस्थानों में रेफर किया गया और टीम के सदस्यों ने उनके साथ रहकर उपचार सुनिश्चित कराया। इन पांच दिनों तक संचालित चिकित्सा शिविर में एमएससी, रोहतक इकाई से डॉक्टरों, फार्मासिस्टों, नर्सों एवं मेडिकल विद्यार्थियों ने दिन-रात अपनी सेवाए प्रदान कीं। एमएससी रोहतक इकाई के महासचिव डॉ. सचिन शर्मा तथा मीडिया समन्वयक सुभम यादव ने बताया कि एमएससी का मानना है कि सामाजिक आंदोलनों के दौरान स्वास्थ्य सेवाएं केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि मानवीय दायित्व हैं। इसी सेवा-भावना के साथ संगठन ने न सिर्फ इस आंदोलन में अपनी भूमिका निभाई बल्कि किसान आंदोलन के दौरान लगभग एक वर्ष तक शिविरों का संचालन किया था।

## बारिश अभी कम, फिर भी प्रशासन की बाढ़ से निपटने की तैयारी पूरी

# जिले में 108 ड्रेन, 49 पंप हाउस और 254 चलित पंप अलर्ट पर

**सिंचाई विभाग ने 269 अस्थायी बिजली कनेक्शन मांगे, निगम ने जारी किए 129**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले में अभी तक फसलों की जरूरत के मुताबिक बारिश नहीं हुई है, लेकिन प्रशासन ने संभावित जलभराव और बाढ़ जैसी स्थिति से निपटने की तैयारियां पहले ही तेज कर दी हैं। सिंचाई विभाग और उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के साथ हुई समीक्षा बैठक में उपायुक्त सचिन गुप्ता ने मानसून के दौरान जल निकासी व्यवस्था को लेकर तैयारियों का जायजा लिया। बैठक में सामने आया कि रोहतक सर्कल में 108 मुख्य एवं लिंक ड्रेन, 49 स्थायी पंप हाउस, 165 स्थायी पंप और 254 चलित पंपों के जरिए जल निकासी का नेटवर्क तैयार रखा गया है। उपायुक्त ने अधूरे कार्यों को जल्द पूरा करने और संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने बताया कि यमुना जल सेवाएं सर्कल, रोहतक के अंतर्गत कुल 108 मुख्य एवं लिंक ड्रेन हैं। इनमें 92 ड्रेन रोहतक डिवीजन तथा 16 ड्रेन सांपला डिवीजन के अधीन हैं। प्रमुख ड्रेनों में रोहतक लिंक ड्रेन (ड्रेन नंबर-8), हुमायूंपुर ड्रेन, लाखन माजरा लिंक ड्रेन, पाक्समा ड्रेन, गांधरा ड्रेन, मकड़ौली लिंक ड्रेन, समर गोपालपुर लिंक ड्रेन, अस्सन लिंक ड्रेन और जसिया ड्रेन शामिल हैं। विभाग ने जानकारी दी कि ड्रेनों की सफाई और मरम्मत से जुड़े अधिकांश कार्य पूरे किए जा चुके हैं, जबकि केवल तीन परियोजनाओं पर काम शेष है, जिन्हें जल्द पूरा कर लिया जाएगा। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए विभाग के पास 11,300 एचडीपीई पाइप, जिनकी कुल लंबाई 67,800 मीटर है, उपलब्ध हैं। इसके अलावा 3,000 अतिरिक्त पाइप (18,000 मीटर) भी स्वीकृत किए गए हैं। जिले में बाढ़ शमन से जुड़ी 20 योजनाओं पर भी काम किया जा रहा है। जल निकासी पंपों के संचालन के लिए सिंचाई विभाग ने 269 अस्थायी बिजली कनेक्शनों की मांग की है। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अब तक 129 कनेक्शन जारी कर चुका है।




रोहतक। अधिकारियों की मीटिंग लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता।

### आपदा से निपटने के लिए मशीनरी भी तैयार

सिंचाई विभाग ने बताया कि जल निकासी के लिए चार चेन टाइप पोकलेन मशीनें, तीन जेसीबी, 11 ट्रैक्टर और दो पिकअप वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। इनकी तैनाती जोनवार योजना के अनुसार की जाएगी ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत कार्रवाई हो सके। जिले में 49 स्थायी पंप हाउस और 165 स्थायी पंप कार्यरत हैं, जिनकी कुल जल निकासी क्षमता 1670 क्यूसेक है। इसके अलावा आपात स्थिति के लिए 203 चलित विद्युत पंप सेट (670 क्यूसेक क्षमता) और 89 चलित डीजल पंप सेट (178 क्यूसेक क्षमता) भी तैयार हैं।

रोहतक के तन्मय ने घातक गेंदबाजी करते हुए 8 ओवर में 40 रन देकर 5 विकेट झटके

## लाहली में अंडर-23 इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट में छाए खिलाड़ी

# रोहतक ने एचसीए सी को रोमांचक मुकाबले में तीन विकेट से हराया

रोहतक की शानदार जीत के हीरो प्रक्षित राठी रहे, जिन्होंने 94 गेंदों पर 69 रनों की बेहतरीन पारी खेली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक


तन्मय


प्रक्षित राठी

चौधरी बंसी लाल क्रिकेट स्टेडियम (ग्राउंड सी, लाहली) में खेले गए अंडर-23 इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट 2026-27 के एक बेहद रोमांचक मुकाबले में रोहतक ने एचसीए सी को 3 विकेट से हरा दिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी एचसीए सी की पूरी टीम 39.4 ओवरों में 198 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। एचसीए सी की ओर से भाविक चौधरी ने सबसे अधिक 44 रन बनाए, जबकि युवराज सिंह ने 33 और अर्जुन वीर सिंह ने 30 रनों का योगदान दिया। भव्य शर्मा ने भी 18 गेंदों में 26 रन की तेज़ पारी खेली। रोहतक के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें तन्मय ने घातक गेंदबाजी करते हुए 8 ओवर में 40 रन देकर 5 विकेट झटके। शुभम लांबा और मयंक झांगू ने 2-2 विकेट हासिल किए।

जीत के लिए मिले 199 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रोहतक की टीम ने 45.3 ओवरों में 7 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। रोहतक की इस शानदार जीत के हीरो प्रक्षित राठी रहे, जिन्होंने 94 गेंदों पर 69 रनों की बेहतरीन पारी खेली। अंतिम पलों में प्रथम सिंधवानी (26 नाबाद) और शुभम लांबा (17 नाबाद) ने धैर्य बनाए रखते हुए टीम को जीत दिलाई। एचसीए सी की तरफ से युवराज राठी ने 4 विकेट झटके, लेकिन वे अपनी टीम को हार से नहीं बचा सके।

### सिरसा ने चरखी दादरी को 147 रनों से रौंदा

चौधरी बंसी लाल क्रिकेट स्टेडियम (ग्राउंड ए, लाहली) में सिरसा ने चरखी दादरी के खिलाफ एकतरफा जीत दर्ज की। सिरसा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में 7 विकेट पर 331 रनों का विशाल स्कोर बनाया। इसमें माधव नैन के 89 रन, वंश कांबोज के 85 रन और कनिष्क चौहान के मात्र 33 गेंदों पर बनाए 56 रन शामिल रहे। जवाब में चरखी दादरी की टीम 36.2 ओवरों में 184 रनों पर ढेर हो गई। अंशुल रावत ने 96 रनों का जुझारू संघर्ष किया, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। कनिष्क चौहान ने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए गेंदबाजी में भी 3 विकेट चटकाए।

### भिवानी की फतेहाबाद पर नौ रनों से रोमांचक जीत

ग्राउंड बी, लाहली में खेले गए एक अन्य हाई-स्कोरिंग मैच में भिवानी ने फतेहाबाद को 9 रनों से हरा दिया। भिवानी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मयंक शांडिल्य (86 रन) और प्रदीप श्योराण (84 रन) की पारियों के दम पर 50 ओवरों में 9 विकेट खोकर 294 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए फतेहाबाद के साक्षम शर्मा ने 119 गेंदों में 150 रनों की नाबाद ऐतिहासिक पारी खेली, लेकिन उनकी यह पारी टीम को जीत न दिला सकी। फतेहाबाद 50 ओवरों में 8 विकेट पर 285 रन ही बना सकी। भिवानी के संगम शर्मा ने 3 विकेट लिए।

### नूंह ने महेंद्रगढ़ को पांच रनों से हराया

हनुमान क्रिकेट अकादमी, रोहतक में खेले गए लो-स्कोरिंग मुकाबले में नूंह ने महेंद्रगढ़ को 5 रनों के मामूली अंतर से मात दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी नूंह की टीम इंजमामुल हक के नाबाद 54 रनों की बदौलत 48.3 ओवरों में 193 रन बना सकी। महेंद्रगढ़ के टीनू गोयल ने 4 विकेट झटके। 194 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी महेंद्रगढ़ की टीम 37.2 ओवरों में 188 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। मनोज कुमार ने सर्वाधिक 39 रन बनाए। नूंह की ओर से शोएब अख्तर ने 3 और मोहम्मद वसीम ने 3 विकेट लेकर मैच का पासा पलट दिया।

### फरीदाबाद ने गुरुग्राम को 50 रनों से दी शिकस्त


*भिवानी रोड स्थित 22 याड्‌र्स ग्राउंड पर फरीदाबाद ने गुरुग्राम पर 50 रनों से शानदार जीत दर्ज की। फरीदाबाद ने आयुष यादव (90 रन) और लक्ष्य नागर (82 रन) के शानदार अर्धशतकों की मदद से 48.1 ओवरों में 254 रन बनाए। गुरुग्राम के आरव जेफ ने गेंदबाजी में 5 विकेट हासिल किए। जवाब में गुरुग्राम की टीम मोक्ष मुद्गिल के 64 रनों के बावजूद 47.1 ओवरों में 204 रनों पर सिमट गई। फरीदाबाद के गेंदबाज आयुष सिंह ने 10 ओवर में 32 रन देकर 4 महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए।*


रोहतक। राजकीय महिला महाविद्यालय में काउंसलिंग में दस्तावेज दिखाती छात्रा। फोटो : हरिभूमि

## कॉलेजों में दूसरी प्रोविजनल लिस्ट आज होगी जारी

■ राजकीय महिला कॉलेज में पहली लिस्ट के तहत 941 छात्राओं ने लिया दाखिला

रोहतक। कॉलेजों में मंगलवार को दूसरी प्रोविजनल मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। पहली मेरिट लिस्ट में नाम आने वाले विद्यार्थियों को 27 जुलाई तक फीस जमा करानी थी। सोमवार तक राजकीय महिला कॉलेज में 2400 सीटों पर 941 छात्राओं ने दाखिला लिया है। वहीं, पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय कॉलेज में लगभग 1000 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया है। जिन विद्यार्थियों का पहली मेरिट लिस्ट में नाम नहीं आया है वे दूसरी मेरिट का इंतजार कर रहे हैं। दूसरी मेरिट लिस्ट फाइनल 29 जुलाई को जारी की जाएगी। पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय कॉलेज में कुल 2,652 सीटों है। नेकीराम कॉलेज में सबसे अधिक मांग बीए पाठ्यक्रम की देखने को मिली है। इसके अलावा अन्य संकायों के विद्यार्थियों ने भी अपनी फीस भरकर सीटें सुरक्षित कर ली हैं। कॉलेज के एडमिशन नोडल ऑफिसर डॉ. राजीव कुमार का कहना है कि अंतिम तिथि पर भारी संख्या में छात्र फीस जमा करवाते हैं, जिससे दाखिलों के आंकड़े में और इजाफा होगा। राजकीय महिला महाविद्यालय में कुल 2,400 सीट है। राजकीय महिला कॉलेज में भी बीए में सबसे ज्यादा 385 छात्राओं ने दाखिला लिया है। इसके बाद बीकॉम में 134 छात्राओं ने दाखिला लिया है। दूसरी मेरिट लिस्ट में नाम आने वाले विद्यार्थियों को 3 अगस्त तक फीस जमा करानी होगी। बची हुई सीटों पर 4 अगस्त को फिजिकल काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। इसके बाद अगर सीटे खाली रहती है तो 5 अगस्त को दोबारा पोर्टल खोला जाएगा।


रोहतक। नए सदस्यों के साथ जिलाध्यक्ष रणवीर सिंह ढाका, भाजपा कार्यालय मंगलकमल में मंडल अध्यक्ष कपिल खत्री, रमेश देशवाल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## भाजपा की नीतियों में आस्था जताते हुए दो दर्जन युवाओं एवं महिलाओं ने ग्रहण की सदस्यता

रोहतक। भारतीय जनता पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व से प्रभावित होकर आज भाजपा कार्यालय मंगलकमल में मंडल अध्यक्ष कपिल खत्री और सांपला वार्ड एक के प्रत्याशी रमेश देशवाल के नेतृत्व में दो दर्जन युवाओं एवं महिलाओं ने एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका की अध्यक्षता में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सभी नए सदस्यों ने पार्टी की रीति-नीति में विश्वास व्यक्त करते हुए राष्ट्र निर्माण और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। नए सदस्यों का जिलाध्यक्ष ढाका ने स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर कार्य कर रही है। केंद्र और हरियाणा सरकार की जनहितकारी योजनाओं से प्रेरित होकर लगातार युवा, महिलाएं और समाज के विभिन्न वर्ग भाजपा से जुड़ रहे हैं। सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से खेड़ी सांपला से राजकुमार, विजेंद्र, मंजीत, सागर, राजेश, मोहित, रमेश, मंजू, पूजा, राजवंती, सरोज, कविता, आरती, सोनी, मुकेश, लाली, आशु, सोनी एवं उषा सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे। सभी नए सदस्यों ने संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने तथा भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

**सूचना**

मैं, कृष्ण पुत्र जगदीश निवासी भैणी मातो तहसील महम जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अनुज मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**बेदखली सूचना**

मैं, संतोष विधवा श्री जय सिंह निवासी गांव माडौदी जाटान तहसील कलानौर जिला रोहतक हरियाणा अपने हल्फ से ब्यान करती हूं कि मेरा पुत्र विरेन्द व उसकी पत्नी मुकेश मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं उन्हें अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उनके द्वारा किए गए अच्छे बुरे कार्यों व लेन देन व किसी प्रकार के कानूनी व गैर कानूनी कार्य के लिए वह स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**नगर निगम रोहतक**
**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, रोहतक की कर शाखा के सम्पत्तिकर के रिकार्ड में नई प्रोपर्टी आई.डी. नं. 1HWPM3U2 पुरानी प्रोपर्टी आई. डी. नं. 142C835U201 वार्ड नं./ पता 129-L, Model Town, Rohtak पुराने एन.डी.सी. रिकार्ड में Surender Singh S/o Rameher व सर्वे के अनुसार नए एन.डी.सी. रिकार्ड में NA नाम से दर्ज है, अब नगर निगम के रिकार्ड में इस आई.डी. नं. में प्रार्थी जिनका नाम Sudesh Kumari, Gourav वसीयत / वारसान के आधार पर अपने नाम तबदील करवाना चाहते है जिसकी वारसान रिपोर्ट तहसीलदार, रोहतक द्वारा तसदीक की गई है। यदि किसी भी जनसाधारण को इनके नाम तबदील करने में कोई भी आपत्ति है तो 30 दिन के अन्दर अन्दर नगर निगम कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करवाये, अन्यथा प्रोपर्टी टैक्स में उनके नाम तबदील कर दी जायेगी। जिसके लिए नगर निगम, रोहतक कोई उत्तरदायी नहीं होगा।
क्रमांक : MCR/ZTO/2026/1090
दिनांक : 10.07.2026
हस्ता/- क्षेत्रीय कराधान अधिकारी, नगर निगम रोहतक

**मानसरोवर हॉस्पिटल**
**REQUIRES**
- Computer Operator 2
- PRO 4
- Nursing Staff 4
- Ward Boy 4
- Gate Keeper 4

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

विजेता छात्र जिला स्तर पर करेंगे प्रतिनिधित्व

## सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में रोहतक के विद्यालयों का रहा शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिले में आयोजित सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विभिन्न वर्गों में विद्यार्थियों ने अपनी कला और प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं, जिसके तहत विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने बाजी मारी है। विजेता छात्र अब आगामी जिलास्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में अपने ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेंगे।



रोहतक। जिलास्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में अपनी प्रस्तुति देते प्रतिभागी।

### सोलो डांस (9-12 वर्ग)

शहीद कैप्टन दीपक शर्मा पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मॉडल टाउन ने पहला स्थान हासिल किया। डॉ. सरूप सिंह राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सांघी को दूसरा और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सांघी को तीसरा स्थान मिला।

### रागिनी प्रतियोगिता

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गांधी नगर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मॉडल टाउन दूसरे तथा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, हिसार रोड तीसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सांघी को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया।

### स्किट प्रतियोगिता

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, हिसार रोड ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, करौंथा ने दूसरा और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रुड़की ने तीसरा स्थान हासिल किया। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भालौठ को सांत्वना पुरस्कार मिला।

*सोलो डांस (5-8 वर्ग):* शहीद कैप्टन दीपक शर्मा पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मॉडल टाउन ने यहाँ भी पहला स्थान प्राप्त किया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सांघी दूसरे तथा राजकीय उच्च विद्यालय, जिला जेल की सातवीं कक्षा की छात्रा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।
*रागिनी (5-8 वर्ग):* राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, हिसार रोड की आठवीं कक्षा की छात्रा प्रथम, मॉडल टाउन स्कूल की आठवीं कक्षा की छात्रा द्वितीय और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गांधी नगर की छठी कक्षा की छात्रा तृतीय स्थान पर रही।
*ग्रुप डांस और स्किट:* ग्रुप डांस में राजकीय कन्या विद्यालय, हिसार रोड प्रथम, मॉडल टाउन द्वितीय और किलोई तृतीय स्थान पर रहे, जबकि जिला जेल रोड स्कूल को सांत्वना पुरस्कार मिला। स्किट प्रतियोगिता में मॉडल टाउन स्कूल प्रथम, सांघी स्कूल द्वितीय, रुड़की स्कूल तृतीय और ब्राह्मणवास सीएमईई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को सांत्वना पुरस्कार मिला।

## कारगिल युद्ध की सीख आज भी भारत की सामरिक नीति के लिए महत्वपूर्ण : डॉ. परमजीत

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विभाग की ओर से कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में- ए ट्रिब्यूट टू इंडियाज ब्रेव सोल्जर्स विषय पर विशेष ऑनलाइन व्याख्यान आयोजित किया गया। राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, गुजरात के डॉ. परमजीत सिंह ने विद्यार्थियों और शोधार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कारगिल विजय भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक है। कारगिल युद्ध से मिली सामरिक सीख आज भी भारत की सुरक्षा नीति और सैन्य रणनीति के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और बलिदान को नमन करते हुए कहा कि कारगिल विजय केवल सैन्य सफलता नहीं, बल्कि देश के वीर सैनिकों के साहस और त्याग की गौरवशाली गाथा है।

## भविष्य की तकनीक समझकर कौशल विकसित करें विद्यार्थी: प्रो. नसीब सिंह



रोहतक। महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ़ मैथमेटिकल एंड कम्प्यूटेशनल साइंसेज के डीन एवं वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. नसीब सिंह गिल ने सेंट एंड्रयूज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में आयोजित स्टूडेंट ओरिएंटेशन-कम-इंडक्शन प्रोग्राम आरंभ-2026 में करीब 550 नवप्रवेशित विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकी दुनिया के लिए तैयार रहने का संदेश दिया। प्रो. नसीब सिंह गिल ने विद्यार्थियों को वर्ष 2026 की भविष्य की 10 प्रमुख तकनीकी दिशाओं से अवगत कराया। इनमें एजेंटिक एआई और ऑटोनॉमस सिस्टम, एआई एम्बेडेड एवरीवेयर इंफ्रास्ट्रक्चर, फिजिकल एआई और रोबोटिक्स, एआई इंफ्रास्ट्रक्चर एवं कंप्यूट-डिमांड, एज एवं डिस्ट्रीब्यूटेड कंप्यूटिंग, एआई आधारित साइबर सिक्योरिटी, क्वांटम कंप्यूटिंग, सस्टेनेबल एवं ग्रीन कंप्यूटिंग, हाइब्रिड रियलिटी एवं स्पैटियल कंप्यूटिंग तथा एआई-ऑगमेंटेड वर्कफोर्स शामिल हैं।

## एमडीयू में कारगिल विजय दिवस समारोह आज

रोहतक। कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों के शौर्य और बलिदान को नमन करने के लिए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में मंगलवार को कारगिल विजय दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा। एमडीयू और जम्मू-कश्मीर स्टडी सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में होने वाला यह कार्यक्रम सुबह 11:30 बजे इंस्टीट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट (आईएचटीएम) में आयोजित होगा। डीन, स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग ने बताया कि एमडीयू के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया इस समारोह में अध्यक्षता करेंगे। एनसीसी ग्रुप मुख्यालय, रोहतक के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर राम नरेश मुख्य अतिथि और हरियाणा के पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर विशिष्ट अतिथि होंगे।

## एमडीयू में 'ब्लड, बग्स एंड बायोलॉजी : डिकोडिंग द एजिंग एक्सिस' पर व्याख्यान

# उम्र बढ़ने के साथ आंतों के माइक्रोबायोम व इम्यून सिस्टम में आते हैं गंभीर बदलाव

■ डॉ. अमित ग्रोवर बोले, कमजोर पड़ता है इम्यून सिस्टम, हो सकता है कैंसर का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बढ़ती उम्र के साथ शरीर में होने वाले बदलाव केवल झुर्रियों या शारीरिक कमजोरी तक सीमित नहीं रहते, बल्कि प्रतिरक्षा तंत्र (इम्यून सिस्टम) और आंतों के माइक्रोबायोम में आने वाले परिवर्तन कैंसर समेत कई गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ा सकते हैं। इन्हीं, वैज्ञानिक पहलुओं पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के बायोकेमिस्ट्री विभाग में आयोजित विशेष व्याख्यान 'ब्लड, बग्स एंड बायोलॉजी: डिकोडिंग द एजिंग एक्सिस' में विस्तार से चर्चा हुई। एस्ट्राजेनेका (यूके) के प्रिंसिपल साइंटिस्ट (ऑन्कोलॉजी रिसर्च) डॉ. अमित ग्रोवर ने बताया कि उम्र बढ़ने के साथ एडाप्टिव इम्यूनिटी कमजोर होती है, जबकि माइक्रोबायोम और आनुवंशिक बदलाव कैंसर सहित कई उम्र संबंधी बीमारियों के जोखिम को प्रभावित करते हैं।



### शोध समाज के लिए अहम

बायोकेमिस्ट्री विभागाध्यक्ष प्रो. एनएस चौहान ने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए कहा कि एजिंग और इम्यूनिटी पर हो रहे नवीन शोध समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। व्याख्यान के बाद आयोजित संवाद सत्र में शोधार्थियों और शिक्षकों ने विशेषज्ञ से विभिन्न वैज्ञानिक पहलुओं पर चर्चा की। इस अवसर पर प्रो. विजय कुमार, प्रो. रितू पसरीजा, डॉ. संदीप सिंह, डॉ. रश्मि भारद्वाज, प्रो. सर्वजीत सिंह गिल, डॉ. सपना शर्मा, प्रो. नवीन कुमार, निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

### बढ़ता है जोखिम

डॉ. अमित ग्रोवर ने कहा कि उम्र बढ़ने के साथ शरीर की एडाप्टिव इम्यूनिटी कमजोर होने लगती है। युवाओं की तुलना में बुजुर्गों में लिम्फोइड कोशिकाएं कम और माइलॉयड कोशिकाएं अधिक हो जाती हैं, जिससे प्रतिरक्षा तंत्र प्रभावित होता है और माइलॉयड मैलिग्नेंसी जैसी गंभीर बीमारियों का जोखिम बढ़ सकता है। उन्होंने बताया कि आंतों में मौजूद करोड़ों लाभकारी बैक्टीरिया यानी माइक्रोबायोम शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### इम्यूनोथेरेपी को अधिक असरदार

उम्र बढ़ने के साथ इनकी विविधता बदलती है, जिसका असर स्वास्थ्य पर पड़ता है। माइक्रोबायोम में सुधार कर कैंसर उपचार में इस्तेमाल होने वाली इम्यूनोथेरेपी को अधिक असरदार बनाया जा सकता है, क्योंकि यह टी-सेल्स को सक्रिय कर कैंसर कोशिकाओं से लड़ने में मदद करती है। डॉ. ग्रोवर ने कहा कि बढ़ती उम्र के साथ होने वाली क्रॉनिक इंफ्लेमेशन और आनुवंशिक म्यूटेशन भी कई उम्र संबंधी बीमारियों के प्रमुख कारण हैं। इन पर गहन शोध भविष्य में बेहतर उपचार और स्वस्थ वृद्धावस्था का मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

### एजिंग और इम्यूनिटी से जुड़े प्रमुख तथ्य

- उम्र बढ़ने के साथ एडाप्टिव इम्यूनिटी कमजोर होने लगती है।
- बुजुर्गों में माइलॉयड कोशिकाएं बढ़ने से माइलॉयड मैलिग्नेंसी का खतरा बढ़ सकता है।
- आंतों के माइक्रोबायोम में बदलाव का सीधा असर रोग प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ता है।
- बेहतर माइक्रोबायोम से कैंसर की इम्यूनोथेरेपी अधिक प्रभावी हो सकती है।
- आनुवंशिक म्यूटेशन और क्रॉनिक इंफ्लेमेशन भी उम्र संबंधी बीमारियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## न्यूज डायरी




### पठानिया स्कूल में नीट व जेई के विद्यार्थियों का सम्मान

रोहतक। पठानिया पब्लिक स्कूल, रोहतक में प्रतिष्ठित नीट व जेई परीक्षाओं में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में नीट व जेई में परचम लहराने वाले छात्र शौर्य अग्रवाल, रितेश, हर्ष गोयल, तनुज फौगाट, मनप्रीत कौर, पारस कुमार और छवि छाबड़ा को सम्मानित किया गया। विद्यालय के निदेशक अंशुल पठानिया, सह-संस्थापिका वर्षा पठानिया एवं प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया ने मेधावियों को स्मृति-चिह्न व पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी। उन्होंने कहा कि सफलता केवल अंकों से नहीं, बल्कि कठिन परिश्रम, दृढ़ संकल्प और अनुशासन से हासिल होती है। उप-प्रधानाचार्या प्रीति ढांडा व शैक्षणिक समन्वयक आलोक हुड्डा ने भी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दी।



### डीएलएफ कॉलोनी पार्क में पौधरोपण अभियान चलाया

रोहतक। भारतीय जनता पार्टी (इकोनॉमिक सेल) के जिला अध्यक्ष सूरज रसवंत के नेतृत्व में डीएलएफ कॉलोनी पार्क में एक विशेष पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'एक पेड़ मां के नाम' मुहिम से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि पौधरोपण जैसे पवित्र कार्य को हर नागरिक को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। रसवंत ने पेड़ लगाने के साथ-साथ उनके संरक्षण पर विशेष जोर दिया। मौके पर मुकेश शर्मा, जयनारायण वर्मा, बिट्टू शर्मा, एडवोकेट चेतना अरोड़ा, राहुल पंडित, कृष्ण बक्शी, नीरज शर्मा, नरेश कुमार, श्याम हिंदुस्तानी, गोगी अहलावत, राजू नारंग, प्रिंस रसवंत, लक्की आहूजा, देवतादीन दुबे, नितिन सहगल, राजेश मल्होत्रा, राजकुमार वर्मा, गुलशन चावला, चंद्र साहसी, राजेश, सुमित, नवीन अरोड़ा, रमन आदि मौजूद रहे।




### शिकायतों के समयबद्ध निपटारे के दिए निर्देश

रोहतक। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध और संतोषजनक निपटारा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत का समाधान करते समय संबंधित नागरिक को विभागीय प्रक्रिया और नियमों की भी जानकारी दी जाए, ताकि समस्या का स्थायी समाधान हो सके। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार नागरिकों की समस्याओं के एक ही स्थान पर समयबद्ध समाधान के लिए जिला मुख्यालय और उपमंडल मुख्यालयों पर नियमित समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। ये शिविर प्रत्येक सोमवार और बृहस्पतिवार सुबह 10 से 12 बजे तक लगाए जाते हैं, जहां विभिन्न विभागों के अधिकारी मौके पर मौजूद रहकर शिकायतों की सुनवाई और समाधान की कार्रवाई करते हैं। सोमवार को जिला मुख्यालय के साथ-साथ सांपला और महम उपमंडल मुख्यालयों पर भी समाधान शिविर लगाए गए। जिला स्तरीय शिविर में उपमंडलाधीश आशीष कुमार और जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल ने नागरिकों की शिकायतें सुनीं। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी, भाजपा प्रतिनिधियों में सतीश चौधरी और डॉ. अशोक रंगा भी उपस्थित रहे।

### दो पुलिसकर्मियों को मिले 2.50-2.50 लाख रुपये



रोहतक। हरियाणा पुलिस की कल्याणकारी शगुन योजना के तहत रोहतक जिले के दो पुलिसकर्मियों को उनकी पुत्रियों के विवाह के लिए ढाई-ढाई लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित ने दोनों पुलिसकर्मियों को सम्मानित कर शुभकामनाएं दीं और कहा कि पुलिस विभाग अपने कर्मचारियों के कल्याण के लिए लगातार विभिन्न योजनाएं संचालित कर रहा है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, पुलिस महानिदेशक हरियाणा अजय सिंघल की पहल पर हरियाणा पुलिस कल्याण विभाग द्वारा संचालित शगुन योजना के तहत जिला रोहतक में कार्यरत ईएसआई रामतीर्थ और महिला वाटर कैरियर नीलम कुमारी का चयन किया गया। पुलिस मुख्यालय पंचकूला से स्वीकृति मिलने के बाद दोनों पुलिसकर्मियों के व्यक्तिगत बैंक खातों में 2.50-2.50 लाख की सहायता राशि हस्तांतरित की गई। इस अवसर पर एसपी गौरव राजपुरोहित ने अपने कार्यालय में दोनों पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया।

## खबर संक्षेप

### 15 वर्षीय किशोरी घर से लापता, शिकायत दर्ज

**रोहतक।** शहर थाना क्षेत्र से 15 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार किशोरी 18 मई 2026 की सुबह करीब 8:30 बजे घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच और खोजबीन शुरू कर दी है।

### ड्रेन नंबर-8 के पास खेत से प्लेटिना बाइक चोरी

**रोहतक।** सदर थाना क्षेत्र में ड्रेन नंबर-8 के पास खेत से प्लेटिना बाइक चोरी हो गई। पीड़ित जयदीप ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि वह अपने भाई राम अवतार की बाइक लेकर खेत में गया था और शाम करीब 7:45 बजे उसे ड्रेन के पास खड़ा किया था। कुछ समय बाद लौटने पर बाइक गायब मिली। सुराग नहीं लगने पर पुलिस में शिकायत दी गई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बहू ने ससुर पर किया हमला, मुकदमा दर्ज

**रोहतक।** कलानौर के गांव बसाना में जमीन विवाद को लेकर 80 वर्षीय बुजुर्ग पर पुत्रवधू द्वारा हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित साधुराम ने पुलिस को बताया कि 21 जुलाई की रात वह घर के बाहर चारपाई पर बैठे थे, तभी बहू बबली ने डंडे से उनके सिर पर वार कर दिया। हमले में वह घायल हो गए और अस्पताल में उनके सिर पर पांच टांके लगे। पुलिस ने महिला के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर से 15 लाख के गहने गायब, नौकरानी पर शक

**रोहतक।** सेक्टर-4 एक्सटेंशन में एक मकान से करीब 15 लाख रुपये के सोने के आभूषण चोरी होने का मामला सामने आया है। मकान मालकिन सुजाता ने घरेलू नौकरानी पर चोरी का संदेह जताते हुए पुलिस में शिकायत दी है। पारिवारिक समारोह में जाने से पहले अलमारी में रखे गहनों के बॉक्स खाली मिले। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**सफाई करते नगर निगम कर्मी**



## कच्चा बेरी रोड पर करवाई गई सफाई डेयरियों पर निगम की सख्त कार्रवाई

### 3 चालान कर 14000 रुपये वसूला जुर्माना
### गोबर और अन्य अपशिष्ट नालों या सीवर में न बहाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरिभूमि इम्पैक्ट

नगर निगम ने कच्चा बेरी रोड क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को लेकर सख्त कार्रवाई करते हुए स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वाली डेयरियों पर शिकंजा कस दिया। नगर निगम और जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की संयुक्त टीम ने क्षेत्र का निरीक्षण कर सीवर और नालों की सफाई करवाई तथा गंदगी फैलाने वाले डेयरी संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन चालान काटे। इस दौरान कुल 14 हजार का जुर्माना भी लगाया गया।






दुकानदारों के चालान काटती निगम की टीम।

### नालों में डाल रहे गोबर

निगम आयुक्त सत्येन्द्र दुहन ने बताया कि निगम कार्यालय को लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि कुछ डेयरी संचालक गोबर और अन्य अपशिष्ट सामग्री को नालों एवं सीवर में बहा रहे हैं, जिससे आसपास के क्षेत्र में गंदगी फैल रही है और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निगम की टीम को मौके पर भेजा गया और सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ-साथ नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि कई डेयरियों में स्वच्छता संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा था। कई स्थानों पर गोबर एवं अन्य अपशिष्ट खुले में पड़ा मिला, कुछ डेयरियों से गोबर सीधे नालों और सीवर में बहाया जा रहा था।

### स्वच्छता नियमों का पालन करने के निर्देश

नगर निगम की टीम ने मौके पर गंदगी फैलाने वाली डेयरियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करते हुए तीन चालान जारी किए और ₹14 हजार का जुर्माना वसूला। साथ ही संबंधित डेयरी संचालकों को भविष्य में स्वच्छता नियमों का पालन करने और अपशिष्ट का वैज्ञानिक एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

### उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र दुहन ने कहा कि शहर में स्वच्छता बनाए रखना निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने डेयरी संचालकों से अपील की कि वे अपनी डेयरी और आसपास के क्षेत्र को साफ-सुथरा रखें तथा गोबर और अन्य अपशिष्ट को नालों या सीवर में न बहाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निगम की टीम नियमित रूप से निरीक्षण करती रहेगी और भविष्य में भी यदि किसी डेयरी में नियमों का उल्लंघन पाया गया तो संबंधित संचालकों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। निगम का उद्देश्य शहरवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना है।

## 20 प्रमुख शौचालयों पर तैनात होंगा एक-एक कर्मी, बाकी की जिम्मेदारी साझा रहेगी

# टेंडर पर मुहर : 2.65 करोड़ में होगा शहर के 121 शौचालयों का रखरखाव

**20 नए मोबाइल टॉयलेट भी खरीदे जाएंगे**

**बजट कमेटी की मीटिंग में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय**

**वार्ड-4 में 1.30 करोड़ से बनेगा 60 फुट चौड़ा रोड व 2.41 करोड़ में निगम के लिए हायर किए जाएंगे**

**पहरावर की गोशाला का टेंडर तीन माह के लिए बढ़ाया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने और सार्वजनिक सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में नगर निगम ने कई अहम फैसले लिए हैं। शहर में वर्षों से सार्वजनिक शौचालयों के रखरखाव, सफाई और कर्मचारियों की कमी को लेकर उठ रहे सवालों के बीच अब नगर निगम 121 शौचालयों के रखरखाव पर 2.65 करोड़ रुपये खर्च करेगा। बाजारों के 20 प्रमुख शौचालयों पर सफाई और देखरेख के लिए एक-एक कर्मचारी की स्थायी तैनाती की जाएगी, जबकि अन्य शौचालयों में दो शौचालयों की जिम्मेदारी एक कर्मचारी को दी जाएगी। इसके साथ ही शहर में जरूरत के हिसाब से 20 नए मोबाइल टॉयलेट खरीदे जाएंगे। यह निर्णय सोमवार को हुई नगर निगम की बजट कमेटी की बैठक में लिया गया। जिसकी अध्यक्षता मेयर रामअवतार वाल्मीकि और आयुक्त सत्येंद्र दुहन ने की। जिसमें कमेटी के सदस्य कंचन खुराना, सुशील नांदल प्रमुख तौर पर शामिल रहे।



**रोहतक।** बजट कमेटी की मीटिंग में मौजूद मेयर और निगम आयुक्त सहित अन्य अधिकारी और सदस्य।

### कई मुद्दों पर चर्चा

बैठक में शहर की सफाई व्यवस्था, सड़कों की मरम्मत, नालों की सफाई, सार्वजनिक सुविधाओं और निगम के कामकाज के लिए वाहनों की उपलब्धता सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। बजट कमेटी ने शहर के विकास से जुड़े कई प्रोजेक्टों को मंजूरी दी। इन फैसलों के लागू होने के बाद शहर में सार्वजनिक सुविधाओं के साथ-साथ सफाई व्यवस्था को भी मजबूती मिलने की उम्मीद है।

### शौचालयों की स्थिति खराब से परेशानी

नगर निगम शहर के 121 सार्वजनिक शौचालयों के रखरखाव और संचालन के लिए 2.65 करोड़ रुपये खर्च करेगा। लंबे समय से सार्वजनिक शौचालयों की सफाई, पानी की उपलब्धता, टूट-फूट और नियमित देखरेख को लेकर शिकायतें आती रही हैं। कई जगह शौचालयों की स्थिति खराब होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में निगम ने अब इनके रखरखाव की जिम्मेदारी व्यवस्थित तरीके से देने का फैसला किया है।

### महिला शौचालय पर महिला कर्मी होगी तैनात

बाजारों में स्थित 20 प्रमुख शौचालयों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इन शौचालयों पर एक-एक कर्मचारी तैनात रहेगा, जो सफाई के साथ-साथ शौचालय की नियमित निगरानी भी करेगा। वहीं, शहर के अन्य शौचालयों में एक कर्मचारी के पास दो शौचालयों की जिम्मेदारी रहेगी। सफाई व्यवस्था की निगरानी बेहतर किया जा सकेगा। महिला शौचायल पर महिला कर्मचारी ही तैनात रहेगी।

### मोबाइल टॉयलेट अलग अलग स्थानों पर प्रयोग

शहर में सार्वजनिक आयोजनों, मेलों, बाजारों और ऐसे स्थानों पर जहां स्थायी शौचालय उपलब्ध नहीं हैं, वहां लोगों को परेशानी न हो, इसके लिए नगर निगम 20 नए मोबाइल टॉयलेट भी खरीदेगा। इन मोबाइल टॉयलेट को आवश्यकता के अनुसार अलग-अलग स्थानों पर लगाया जा सकेगा। इससे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों और आयोजनों के दौरान सार्वजनिक शौचालयों पर बढ़ने वाले दबाव को कम करने में मदद मिलेगी।

### गोशाला के संचालन व रखरखाव पर बल

बैठक में पहरावर स्थित नगर निगम की गोशाला को लेकर भी निर्णय लिया गया। गोशाला के संचालन और रखरखाव के लिए मौजूदा टेंडर की अवधि को तीन माह के लिए अतिरिक्त बढ़ाने का फैसला किया गया। इस अवधि में गोशाला के संचालन में किसी तरह का व्यवधान न हो, इसके लिए व्यवस्था को जारी रखा जाएगा। निगम की ओर से गोशाला में पशुओं की देखरेख, चारे और अन्य व्यवस्थाओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

### सड़क बनने से आवागमन बेहतर होगा

शहर के वार्ड नंबर चार में 60 फुट चौड़ा रोड बनाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। इस सड़क के निर्माण पर करीब 1.30 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सड़क के बनने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलने के साथ ही यातायात व्यवस्था में भी सुधार होने की उम्मीद है। जोर दिया जाएगा।

### वाहनों की कमी को दूर किया जाएगा

नगर निगम के कामकाज को गति देने के लिए वाहनों की कमी को दूर करने का भी फैसला लिया गया है। इसके लिए करीब 241 लाख रुपये की लागत से वाहन हायर किए जाएंगे। निगम में सफाई व्यवस्था, सीवर और नालों की निगरानी, सड़कों की मरम्मत, फील्ड निरीक्षण और अन्य प्रशासनिक कार्यों के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को वाहनों की आवश्यकता रहती है।

**व्हाट्सएप पर दोस्ती कर फंसाया**

## शेयर मार्केट में मुनाफे का झांसा देकर युवक से 1.75 लाख की ठगी

**रोहतक (हरिभूमि न्यूज)।** शेयर मार्केट में हर सप्ताह 20 से 30 प्रतिशत मुनाफे का लालच देकर साइबर ठगों ने रोहतक के गांव टिटौली निवासी युवक से 1.75 लाख रुपये की ठगी कर ली। ठगों ने पहले व्हाट्सएप पर दोस्ती कर विश्वास जीता और बाद में फर्जी निवेश प्लेटफॉर्म के जरिए रुपये निवेश करवाए।पीड़ित नवीन पुत्र राजेंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 26 जून को उसके व्हाट्सएप पर एक अज्ञात नंबर से मैसेज आया। महिला ने अपना नाम सिमरन कौर बताया और बातचीत बढ़ाकर उसे शेयर मार्केट में निवेश करने के लिए प्रेरित किया। ठगों ने दावा किया कि उनकी कंपनी में निवेश करने पर हर सप्ताह 20 से 30 प्रतिशत तक लाभ मिलेगा।इसके बाद नवीन को फर्जी वेबसाइट पर खाता बनवाया गया। झांसे में आकर उसने 4 जुलाई से 15 जुलाई के बीच अलग-अलग बैंक खातों और यूपीआई आईडी पर तीन किस्तों में 50 हजार, 50 हजार और 75 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। वेबसाइट पर नकली मुनाफा दिखाकर उसे भरोसे में रखा गया। 26 जुलाई को जब नवीन ने रकम निकालने की कोशिश की तो भुगतान से इनकार कर दिया गया। ठगी का एहसास होने पर उसने साइबर पोर्टल और साइबर क्राइम थाना में शिकायत दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर बैंक खातों, मोबाइल नंबरों और डिजिटल लेनदेन की जांच शुरू कर दी है।

> हर सप्ताह 20 से 30% मुनाफे का दिया लालच
>
> तीन किश्तों में ट्रांसफर कराए रुपये

## झज्जर रोड पर युवक अवैध पिस्तौल और दो कारतूस सहित गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की अपराध शाखा-2 ने गश्त के दौरान कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध देसी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया गया। मुख्य सिपाही कृष्ण के नेतृत्व में अपराध शाखा-2 की टीम झज्जर रोड पर गांव मायना के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना के आधार पर टीम ने झज्जर रोड स्थित जलेबी चौक पुल के नीचे खड़े एक संदिग्ध युवक को काबू किया। पूछताछ में उसकी पहचान मेहर सिंह पुत्र उमेद सिंह, निवासी गांव डीघल, जिला झज्जर के रूप में हुई। नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध देसी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना शिवाजी कॉलोनी में शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को अदालत में पेश किया गया। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने बलराज कुंडू के पिता के निधन पर शोक जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु सोमवार को महम के पूर्व विधायक बलराज कुंडू के सेक्टर-14 स्थित आवास पर पहुंचे और उनके पिता स्वर्गीय जिले सिंह कुंडू के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि जिले सिंह कुंडू एक सरल, समाजसेवी और सम्मानित व्यक्तित्व के धनी थे। उनके निधन से परिवार ही नहीं, बल्कि क्षेत्र ने भी एक सम्मानित वरिष्ठ नागरिक को खो दिया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य और संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।



**रोहतक।** महम के पूर्व विधायक बलराज कुंडू के सेक्टर-14 स्थित आवास पर शोक व्यक्त करते पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु। *फोटो :हरिभूमि*

### शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट कीं

शोक व्यक्त करने पहुंचे प्रमुख लोगों में पूर्व मंत्री बीरेंद्र डूमरखां, पूर्व मंत्री मूलचंद शर्मा, करण सिंह दलाल, जयप्रकाश दलाल, विधायक चंद्रप्रकाश (आदमपुर), विधायक पवन खरखौदा, विधायक कुलदीप वत्स, राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा, सेवानिवृत्त एडीजीपी परमजीत अहलावत, आचार्य ओम दर्शन (बाल जीवनी आश्रम, हैदराबाद), दीप सिहमार, अजय सिहमार, सीआईए इंचार्ज पवन कुमार, टी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया एवं ब्राह्मण महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य, रोहित शर्मा, अमित कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, अधिकारी और सामाजिक प्रतिनिधि शामिल रहे। सभी ने स्वर्गीय जिले सिंह कुंडू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

**अवकाश होने से बची लोगों की जान**

## सेक्टर-14 की सरकारी डिस्पेंसरी की छत गिरी, बड़ा हादसा टला

**रोहतक।** सेक्टर-14 स्थित सरकारी डिस्पेंसरी की छत रविवार को अचानक भरभराकर गिर गई। गनीमत रही कि रविवार होने के कारण डिस्पेंसरी बंद थी जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। यहां रोजाना काफी लोग उपचार के लिए आते हैं और स्टाफ मौजूद होता है। यदि यह हादसा किसी कार्य दिवस पर होता तो कर्मचारियों एवं मरीजों की जान को गंभीर खतरा हो सकता था और बड़ा हादसा हो सकता था। जानकारी के अनुसार, डिस्पेंसरी प्रभारी ने भवन की अत्यंत जर्जर स्थिति के बारे में कई बार अपने उच्च अधिकारियों एवं संबंधित विभाग को लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत कराया था तथा तत्काल मरम्मत की मांग की थी। इसके बावजूद विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सेक्टर-14 रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) ने भी कई अवसरों पर संबंधित अधिकारियों के समक्ष डिस्पेंसरी भवन की जर्जर अवस्था का मुद्दा उठाते हुए समय रहते आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया था किंतु सभी प्रयास व्यर्थ साबित हुए। घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए आरडब्ल्यूए ने भवन की तत्काल तकनीकी जांच, आवश्यक मरम्मत अथवा नए भवन के निर्माण की मांग की है। आरडब्ल्यूए के प्रधान सुनेहरा काजल और महासचिव वीरेंद्र आर्य तथा ने कहा कि यह घटना संबंधित विभाग की घोर लापरवाही का परिणाम है और भविष्य में बड़ी दुर्घटना से बचने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जानी चाहिए।

> ■ यहां रोजाना काफी लोग उपचार के लिए आते हैं और स्टाफ भी मौजूद रहता



**मिशन एडमिशन : 10 को जारी होगी पहली प्रोविजनल मेरिट लिस्ट, 12 से 14 अगस्त तक फीस जमा कर सीट पक्की करें**

# कॉलेजों में पीजी कोर्स में आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई, राजकीय महिला कॉलेज में1133 आवेदन आए

**रोहतक (हरिभूमि न्यूज)।** उच्च शिक्षा विभाग हरियाणा ने प्रदेशभर के कॉलेजों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के इच्छुक छात्रों को बड़ी राहत देते हुए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। जिन विद्यार्थियों ने स्नातक के अंतिम वर्ष के परिणाम घोषित होने में देरी या अन्य तकनीकी कारणों से अब तक पीजी दाखिले के लिए आवेदन नहीं किया था, वे अब 7 अगस्त 2026 तक उच्च शिक्षा विभाग के आधिकारिक पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन पूरा कर सकते हैं। राजकीय महिला कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शमशेर हुड्डा ने बताया कि कॉलेज में पीजी कोर्स की 610 सीटों पर 1133 आवेदन आए हैं । शिक्षा विभाग द्वारा जारी संशोधित शेड्यूल के अनुसार, पोर्टल पर आवेदन फॉर्म जमा करने के बाद विद्यार्थियों को फॉर्म में त्रुटि सुधार और विषय संयोजन में बदलाव का अवसर 8 अगस्त तक मिलेगा। वहीं, कॉलेजों द्वारा ऑनलाइन दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया 9 अगस्त तक पूरी की जाएगी। इसके बाद 10 अगस्त को पहली प्रोविजनल मेरिट लिस्ट जारी होगी और आपत्तियों के निस्तारण के बाद 11 अगस्त को पहली फाइनल मेरिट लिस्ट घोषित कर दी जाएगी। पहली मेरिट सूची में स्थान पाने वाले विद्यार्थी 12 अगस्त से 14 अगस्त के बीच अपनी फीस जमा करवाकर सीट पक्की कर सकेंगे।



डॉ. शमशेर हुड्डा

**कुल सीट और आवेदन**

| विभाग | सीट | कुल आवेदन |
|---|---|---|
| एमए अर्थशास्त्र | 60 | 53 |
| एमए अंग्रेजी | 40 | 178 |
| एमए | 40 | 115 |
| एमए हिंदी | 60 | 148 |
| एमए इतिहास | 60 | 176 |
| एम.कॉम | 60 | 83 |
| एमएससी वनस्पति विज्ञान | 40 | 79 |
| एमएससी रसायन विज्ञान | 40 | 63 |
| एमएससी कंप्यूटर साइंस | 60 | 68 |
| एमएससी गणित | 60 | 73 |
| एमएससी भौतिकी | 60 | 67 |
| पीजीडीसीए | 30 | 30 |

## एमडीयू में पीजी कोर्स की दूसरी काउंसलिंग आज

**रोहतक (हरिभूमि न्यूज)।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में पीजी कोर्स की दूसरी काउंसलिंग मंगलवार को आयोजित की जाएगी। जिन विद्यार्थियों का पहली काउंसलिंग में नाम नहीं आया था वे दूसरी काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं। एमएससी गणित एसएफएस में 119, एमएसी स्टैटिक्स में 29 व एमएससी कंप्यूटर साइंस में 20 सीट रिक्त हैं। दूसरी काउंसलिंग में नाम आने वाले छात्रों को सीट पक्की करने के लिए 29 जुलाई तक फीस जमा करानी होगी। दूसरी काउंसलिंग के बाद रिक्त सीटों की जानकारी 30 जुलाई को जारी की जाएगी। दूसरी कांउसलिंग में भाग लेने के लिए विद्यार्थियों को सुबह 9 बजे रिपोर्ट करना होगा। सुबह 9:00 से 11:00 बजे तक छात्रों को काउंसलिंग रजिस्टर में हस्ताक्षर कर अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। व 11 बजे के काउंसलिंग की प्रक्रिया शुरु होगी। तीसरी काउंसलिंग तीन अगस्त को आयोजित की जाएगी। तीसरी काउंसलिंग में नाम आने वाले छात्रों को चार अगस्त तक फीस जमा करानी होगी। पांच अगस्त को रिक्त सीटों की सूचना जारी की जाएगी। सीटें रिक्त रहती है तो 12 अगस्त को चौथी काउंसलिंग आयोजित की जाएगी।

> एमएससी गणित एसएफएस में 119, एमएसी स्टैटिक्स में 29 व एमएससी कंप्यूटर साइंस में 20 सीट रिक्त

| विभाग | रिक्त सीटें |
|---|---|
| एमए पत्रकारित व जनसंचार | 10 |
| एमए इतिहास | 19 |
| एमए लोक प्रशासन | 20 |
| एमएड | 14 |
| पीजी डिप्लोमा इन ट्रांसलेशन | 29 |
| पीजी डिप्लोमा कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी | 16 |
| सर्टिफिकेट कोर्स इन प्रयोगशाला | 20 |
| सर्टिफिकेट कोर्स इन अपशिष्ट प्रबंधन | 35 |
| सर्टिफिकेट कोर्स इन प्राकृतिक खेती | 40 |
| पीजी डिप्लोमा इन जेनेटिक काउंसलिंग | 14 |
| एमए हिंदी | 19 |
| एमएससी गणित | 24 |
| एमएससी गणित एसएफएस | 119 |
| एम फार्मा | 7 |
| एमए डिफेंस स्टडीज | 18 |
| एमए योगा | 21 |
| एमए संस्कृत | 54 |
| एमए अर्थशास्त्र | 20 |
| एमएससी स्टैटिक्स | 29 |
| एमए अंग्रेजी | 3 |
| एलएलबी | 1 |
| एमए समाजशास्त्र | 18 |
| एमसीए | 9 |
| एमएससी कंप्यूटर साइंस | 20 |
| एमएससी कंप्यूटर साइंस डीएस व एमएल | 23 |